मानव तस्करी और शोषण सूचना गाइड

मानव तस्करी क्या है?

मानव तस्करी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के लाभ के लिए श्रम प्रदान करने या यौन संबंध बनाने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति के साथ छेड़छाड़ करता है या उसे नियंत्रित करता है। मिन्नेसोटा कानून के अंतर्गत, मानव तस्करी किसी भी साधन से हो सकता है। संघीय कानून के अंतर्गत, तस्करी के लिए पीड़ित व्यक्ति को काम करने या व्यावसायिक यौन सेवाएं करने के लिए मजबूर करने, धोखाधड़ी, या जबरदस्ती अवैध कार्य करवाने के लिए मजबूर किया जाता है। मानव तस्करी से पीड़ित लोग कई कारणों से अपनी परिस्थिति को छोड़ने में सक्षम नहीं होते हैं।

मानव तस्करी के पीड़ित लोगों को नियंत्रित करने के लिए, तस्कर कई तरीकों का उपयोग कर सकते हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन ये इतने तक ही सीमित नहीं हैं:

- डराना-धमकाना
- जबरदस्ती और भय पैदा करना
- दुर्व्यवहार (भावनात्मक, शारिरिक, यौनिक)
- अलगाव
- इनकार करना, दोष देना और नीचा दिखाना
- विशेषाधिकार और श्रेष्ठता
- आर्थिक शोषण
- पीड़ित के परिवार के प्रति दायित्व की भावना
- दस्तावेजों को रोककर

कोई भी एक संकेत निश्चित रूप से मानव तस्करी की पहचान नहीं कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे एक या एक से अधिक लोगों के तस्कर समूह द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

शोषण क्या है?

शोषण तब होता है जब एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के काम का फायदा उठाने के लिए उसके साथ गलत व्यवहार करता है। शोषक और पीड़ित के बीच एक असमान शक्ति है, जिसमें शोषक के पास अधिक अधिकार होता है। शोषण को कुल स्वतंत्रता और मानव तस्करी के बीच की कड़ी के रूप में देखा जा सकता है। ये परिस्थितियां अतिव्यापी हो सकती हैं और व्यक्ति विभिन्न स्थानों पर कई बार में स्वतंत्रता और तस्करी के बीच के माहौल का अनुभव कर सकते हैं।

वाणिज्यिक यौन शोषण तब होता है जब कोई व्यक्ति किसी मूल्य के लिए यौन संबंध करता है या किसी व्यक्ति द्वारा धन, नशीली दवाएं, भोजन, आवास, किराया, या गैंग या समूह में उच्च पद जैसे मूल्यों का वादा किया जाता है। श्रम शोषण में श्रमिकों को अनुचित श्रम दिया जा रहा है और इसमें वेतन से इनकार करना या श्रम के लिए कम भुगतान करना या वेतन में चोरी (ओवरटाइम सहित कानूनी रूप से या अनुबंधित रूप से निर्धारित वेतन को रोकना) को शामिल किया जा सकता है।

मानव तस्कर और क्रेता कौन होते हैं?

किसी भी आयु, जाति, समुदाय या लिंग का कोई भी व्यक्ति मानव तस्कर हो सकता है। तस्कर किसी परिवार का कोई सदस्य या कोई घनिष्ठ मित्र या बॉयफ्रेंड, गर्लफ्रेंड या जीवनसाफी भी हो सकता है।

मानव तस्कर की तरह क्रेता भी किसी आयु, जाति, समुदाय या लिंग का हो सकता है। वे शहरी, ग्रामीण और उपनगरीय समुदायों से आते हैं। क्रेता यौन खरीदारी के लिए इंटरनेट, व्यक्तिगत लालच और किसी दूसरे लोगों के माध्यम का इस्तेमाल करते हैं।

इसका शिकार कौन से लोग होते हैं?

कोई भी व्यक्ति मानव तस्करी का शिकार बन सकता है। पीड़ित/उत्तरजीवी हर पृष्ठभूमि, जाति, लिंग, यौन अभिविन्यास, नागरिकता की स्थिति और आर्थिक स्थिति से आते हैं।

मानव तस्कर ऐसे लोगों को अपना लक्ष्य बनाते हैं, जो किसी भी कारण से तस्करों की बात मीठी-मीठी बातों में आसानी से फंस जाते हैं या उनके नियंत्रण में आ जाते हैं। उच्च बेरोजगारी दर या संसाधनों की कमी जैसे सामुदाय की सामाजिक स्थितियों के कारण तस्कर लोगों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसी स्थितियां जिनसे तस्करी का जोखिम बढ़ता है, उनमें शामिल हैं:

- गरीबी
- बेरोजगारी
- यौन अभिविन्यास और लैंगिक पहचान
- आयु – बच्चे, युवा, बुजुर्ग
- आव्रजन स्थिति
- जातीय अल्पसंख्यक
- दुर्व्यवहार का इतिहास
- रासायनिक निर्भरता
- दिव्यांगता की स्थिति
- आवासहीनता

मुझे मानव तस्करी के बारे में किस प्रकार बात करनी चाहिए?

लोगों की स्थिति और स्वभाव को ध्यान में रखते हुए शब्दों का इस्तेमाल करें। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना आवश्यक है जिससे लोग स्वयं को कम अपमानित महसूस करे और लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार करें कि वे स्वयं को लज्जित महसूस न करें ताकि वे सहायता के लिए किसी शर्म के आगे आ सकें। संवेदनशील और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करें जैसे कि व्यावसायिक रूप से यौन शोषण, मानव तस्करी के शिकार, उत्तरजीवी या कोई अन्य व्यक्ति जिनका शोषण या तस्करी हुआ है।

यदि मुझे मानव तस्करी पर संदेह है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- आपके क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में अधिक जानने के लिए अपने सेफ हार्बर रीजनल नेविगेटर (http://www.health.state.mn.us/communities/safeharbor/response/navigators.html) से संपर्क करें या 1-866-223-1111 पर कॉल करके डे वन हॉटलाइन से संपर्क करें।
- संदिग्ध मानव तस्करी के बारे में क्रिमिनल एप्रीहेनसन के (BCA) टिप फॉर्म को सूचित करें या BCA को 1-877-996-6222 पर कॉल करें या bca.tips@state.mn.us पर ईमेल भेजें
- यदि आप या कोई और व्यक्ति जिसे लगता है कि वह खतरे में है, तो 911 पर कॉल करें।

संसाधन

- मिन्नेसोटा सेफ हार्बर (Minnesota Safe Harbor) (https://www.health.state.mn.us/communities/safeharbor/index.html)
- मिन्नेसोटा डे वन आपदा हॉटलाइन - 866-223-1111

SAFE HARBOR

DEPARTMENT OF HEALTH

इस गाइड को 2016-MU-MU-K153 के अंतर्गत मिन्नेसोटा स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया गया है, इस विभाग को अपराध के पीड़ितों के कार्यालय, न्याय कार्यक्रमों के कार्यालय, अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। इस गाइड में व्यक्त विचार या अनुशंसाएं योगदानकर्ताओं के हैं और वे अमेरिकी न्याय विभाग के कार्यालय के किसी पद या नीतियों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

अंतिम बार संशोधित 3/2020